## खबर संक्षेप

### रिमझिम बारिश में भींगा जिला, खुशनुमा हुआ मौसम

**मण्डला।** उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा और न्यूनतम तापमान भी 24 डिग्री के ऊपर चल रहा है। वही अधिकतम तापमान में थोड़ी कमी आई है। लेकिन न्यूनतम तापमान कम ना होने से लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से मौसम साफ रहा। सूर्यदेव भी अपनी प्रचंड किरणों के साथ दिनभर मौजूद रहे। जिससे लोग चुभन भरी गर्मी से बेहाल रहे। न्यूनतम तापमान कम ना होने के कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। उमस भरी गर्मी के कारण लोग कूलर, पंखों, एसी की शरण में दिनभर रहे। लेकिन जिले के कुछ क्षेत्रों में अचानक मौसम ने करवट ली और शाम पांच बजे के बाद मौसम में बदलाव आया और आसमान में काले बादलों ने अपना डेरा डाल दिया और बादल बरस पड़े। रिमझिम बारिश से मौसम फिर सुहाना हो गया। देर शाम को करीब एक घंटे तक रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। जिसके बाद मौसम में ठंडक घुल गई। गर्मी से राहत पाने लोगों ने सुबह से ही पंखे, कूलर व एसी का सहारा लेना शुरू कर दिया है। पंखे, कूलर, एसी की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ भी बढ़ती जा रही है। कुछ लोग पुराने कूलर व पंखे को रिपेयरिंग भी करा रहे हैं। कई दुकानदारों ने बताया कि कूलर व पंखे की तुलना में एसी की मांग कम है। अधिक कीमत के साथ ही बिजली बिल में बढ़ोत्तरी होने के चलते लोग एसी कम खरीदते हैं। गर्मी आते ही कूलरों में लगाए जाने वाले खस की मांग भी लगातार बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर शहर से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली मिस्त्रियों की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है। अब मानसून आने वाला है, लेकिन उमस भरी गर्मी से निजात पाने लोग नए कूलर, पंखे खरीदने के बजाय बंद पड़े कूलर व पंखे को निकालकर मिस्त्री के पास ले जा रहे हैं।

### सीसी सड़क की तर्ज पर टुकड़ो-टुकड़ों में हुई मरम्मत

# गुणवत्ताविहीन हो रहा सड़क निर्माण कार्य





*** निर्माण कंपनी की रफ्तार धीमी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विगत नौ साल से मंडला जबलपुर नेशनल हाईवे 30 का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन आज दिनांक तक इस मार्ग का निर्माण पूर्ण नहीं हो सका है। मंडला जबलपुर के बीच कार्य अधूरे पड़े है, जिसका खामियाजा यहां से गुजरने वाले राहगीर के साथ स्थानीय जनों को उठाना पड़ रहा है। विकासखंड नारायणगंज के ग्राम कुड़ामैली मार्ग का ओवर ब्रिज विगत कुछ दिन पहले ही शुरू हो चुका है, अब इस मार्ग में जाम की स्थिति नहीं बनेगी, लेकिन कोंडरामाल और बबैहा पहाड़ी के पास का मार्ग जर्जर और बदहाल स्थिति में है। जिसके कारण आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ठेका कंपनी निर्माण कार्य को धीमी गति से कर रहे है। जिसका खामियाजा जिले की जनता को भुगतना पड़ रहा है। नेशनल हाइवे मार्ग में अब बबैहा पहाड़ी के पास सड़क निर्माण तो पूरा हो चुका है लेकिन मार्ग के दोनों तरफ की पहाड़ी की दीवाल इस बारिश में खतरनाक साबित हो सकती है। तेज बारिश में पहाड़ी के मुर्रम गिरने से मार्ग को प्रभावित कर सकता है। इसके पहले भी विगत वर्ष इस मार्ग को शुरू किया गया था, लेकिन बारिश में पहाड़ी के बड़े - बड़े पत्थर और मुर्रम से मार्ग बंद हो गया था, जिसके कारण मार्ग को बंद कर दिया गया था। विगत दिवस मंडला कलेक्टर ने निर्माण कंपनी को निर्देश दिए थे कि जल्द से जल्द पहाड़ी वाले मार्ग का कार्य पूर्ण कर मार्ग को शुरू करे। लेकिन निर्माण कंपनी ने इसमें भी काफी समय लगा दिए। अब बारिश के कुछ ही दिन शेष रह गए है और मार्ग पूरी तरह से दुरूस्त नहीं हो पाया है। अभी भी पहाड़ी वाले मार्ग में पहाड़ी का मलवा किनारे पड़ा हुआ है।

मंडला से जबलपुर के बीच टू लेन मार्ग निर्माण पिछले नौ साल से कच्छप गति से चल रहा है। यह नेशनल हाईवे हर साल बारिश में लोगों के लिए मुसीबत बन जाता है। घंटो जाम में लोग फंस जाते है, जिससे जरूरी कार्य वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंडला से जबलपुर के बीच का हाईवे मार्ग निर्माण पूर्ण हो चुका है, वहीं बबैहा पहाड़ी से गुजरे मार्ग का निर्माण भी पूर्ण है लेकिन इस मार्ग में भी अभी खतरा है। पहाड़ी से मुर्रम, पत्थर मार्ग में ना गिरे इसके लिए अभी निर्माण कंपनी को सुरक्षा के इंतजाम करने होगे। फिलहाल यह मार्ग भी आवागमन के लिए शुरू किया गया है, वही पुराने मार्ग से भी आवाजाही चालू है। पुराने मार्ग की भी हालत खस्ता हाल है। जिसके कारण यहां बारिश में खासी परेशानी उठानी पड़ती है। यदि पहाड़ी वाला मार्ग सुरक्षित नहीं किया गया तो, यहां से गुजरने वाले वाहनों को पुराने मार्ग का सहारा लेना पड़ेगा। जिससे एक बार फिर भारी वाहनों की मुसीबत बन जाएगी।

#### चोटिल होने का बना रहता है डर

एनएच 30 से गुजरने वाले राहगीरों ने बताया कि हाईवे मार्ग तो जिलेवासियों की सुविधा के लिए बनाया गया है, लेकिन यह मार्ग बनने से पहले ही अपनी कहानी बयां कर रही है। जगह-जगह गड्डे और दरारें आ गए है, मार्ग की ऐसी हालत हो गई है कि इस मार्ग को बनने नौ वर्ष तो लग गए लेकिन जर्जर होने में उससे कम समय लगा है। मार्ग के गड्डे और दरारों के कारण यहां से गुजरने वाले दोपहिया वाहन और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां हादसे का अंदेशा हमेशा बना रहता है। वहीं मार्ग किनारे बिछाने के लिए रखी गिट्टियां, मुर्रम, बोल्डर से दोपहिया वाहन चालक अनियंत्रित हो रहे है। जिससे हादेशा का अंदेशा बना हुआ है।



## जल संरचनाओं के संरक्षण को जन अभियान बनाएं-डॉ. यादव




*** वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में मुख्यमंत्री के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान को जन अभियान बनाने की आवश्यकता है। समाज के सभी वर्गों की सहभागिता करते हुए जल स्त्रोतों की सफाई करें तथा उन्हें पुनर्जीवित करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सभी मंत्रीगण अपने-अपने क्षेत्रों में गंगा दशहरा 16 जून को आयोजित होने वाले अभियान के समापन कार्यक्रम में शामिल होते हुए लोगों को जल तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण के संबंध में समझाईश दें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष से इस वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### मंडला जिले में लगाए जाएंगे 11 लाख से अधिक पौधे

वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना तथा सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने जिले में किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के सभी जल स्त्रोतों में साफ-सफाई करते हुए उन्हें पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही वन विभाग के समन्वय से जिले में 11 लाख से अधिक पौधों लगाए जाएंगे। सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने बताया कि जिले में वृक्षारोपण के लिए मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बाउंड्रीवॉल वाले स्कूल तथा आंगनवाड़ियों में भी फलदार तथा न्यूट्रीशियन्स वाले पौधों का रोपण किया जाएगा।

# स्कूटी में ले जा रहे थे 63 लीटर अंग्रेजी शराब

*** बीजाडांडी पुलिस ने दबोचा, दो आरोपी समेत परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी जब्त।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले में शराब का अवैध विक्रय से लेकर घटिया स्तर की शराब की खेप जमकर खपाई जा रही है। यहां मंडला समेत आसपास जिले के शराब तस्कर सक्रिय है जो शराब की खेप पहुंचाने के लिए अलग अलग जुगाड़ लगा रहे है। बीजाडांडी पुलिस ने मोपेड वाहन सवार दो युवको को पकड़ा है। वाहन की जांच करने पर वाहन से करीब 63 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई। आरोपी युवको को आबकारी अधिनियम की धारा 34-2 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

बताया गया है कि बीजाडांडी पुलिस को मुखबिर की सूचना पर दो व्यक्ति स्कूटी में बड़ी मात्रा में शराब रखे हुए है और बेचने की फिराक में नारायणगंज तरफ जा रहें हैं। जिसमें कार्रवाई करते हुए थाना बीजाडांडी पुलिस द्वारा घेराबंदी कर स्कूटी एवं स्कूटी में परिवहन करते 63 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपी भरत नागदेव पिता बच्चू लाल नागदेव 40 साल निवासी लाल माटी, थाना घमापुर जिला जबलपुर एवं आरोपी धीरज मनवानी पिता संतोष कुमार मनवानी 20 साल निवासी लालमाटी द्वारका नगर थाना घमापुर जिला जबलपुर अवैध रूप से कब्जे में रखी जिनियस कम्पन्नी की विदेशी मदिरा 300 पाव कुल 54 लीटर कीमती 39,000 रूपये एवं गोवा कम्पन्नी के 50 पाव कुल 9 लीटर कीमती 6500 रूपये व घटना मे प्रयुक्त स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसएस 7560 कीमती करीबन 80 हजार रूपये कुल मसरूका 1 लाख 25 हजार 500 रूपये मिलने पर जप्त किया गया है।

दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना बीजाडांडी में अपराध क्रमांक 171/2024 धारा 34,2 आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों से उक्त जब्त शराब के संबंध में पुछताछ कर जानकारी भी हासिल की जा रहीं हैं। टीआई बीजाडांडी अंतिम पंवार के नेतृत्व में उनि पंकज विश्वकर्मा, उनि मानिक पटले, उनि राम किशोर माथरे, सउनि छवि लाल सूर्यवंशी, सउनि जयराम सैय्याम, प्रआर संतलाल उइके, आर रोहित कुमार कुशवाहा, नीरज बाकले, आलोक मरावी, प्रशांत अवस्थी, प्रमोद शर्मा, हेमराज मर्सकोले, चाआर विजय छिरा शामिल रहे।

## गौवंश प्रतिषेध अधिनियम एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 10.06.2024 को पुलिस थाना को भ्रमण के दौरान गौवंश के परिवहन की सूचना मिली। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल पहुँच एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन पिकअप क्रमांक MP-51-ZB-4409 में क्रूरता पूर्वक गौवंश को ले जाया जा रहे मौके पर 4, 6, 9 म.प्र. गोवंश प्रतिषेध अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधीनियम का अपराध पाया जाने से मौके पर पिकअप वाहन जब्त कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना नैनपुर में आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 257/2024 का मामला पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। पुलिस द्वारा मौके पर गौवंश को कांजिहाऊस में सुरक्षार्थ रखा गया व चोटील गौवंश का ईलाज पशु चिकित्सक नैनपुर द्वारा कराया गया। मामले में गिरफ्तार दोनो आरोपियों को आज दिनांक को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।



## भ्रष्टाचार | 10 सदस्यीय टीम डेढ़ महीने से कर रही भ्रष्टाचार की पड़ताल।

# करोड़ों के गबन का जिम्मेदार कौन

*** बीईओ कार्यालय निवास का मामला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास




ज्वाइंट डायरेक्टर ट्रेजरी जबलपुर की 10 सदस्यीय टीम डेढ़ महीने से कर रही भ्रष्टाचार की पड़ताल, अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुँची, न ही अब तक किसी पर एफआईआर ही हुई, वहीं जाँच दल प्रमुख रोहित सिंह कौशल ने मीडिया को बताया था कि अस्सी प्रतिशत कन्फर्म हो गया है कि लगभग एक करोड़ की राशि गबन की गई है कुछ और जांच पश्चात नामजद दोषियों पर एफआईआर होगी।

निवास विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में करोड़ों के घोटाले की जांच होते एक महीना से ज्यादा समय गुजर गया पर जांच दल अभी तक इस नतीजे पर नहीं पहुंचा की उक्त गबन का असल जिम्मेदार कौन है, जबकि प्रथम जांच के उपरांत जांच दल के प्रमुख रोहित सिंह कौशल ने मीडिया से कहा था कि कुछ और पड़ताल के बाद संबंधितों पर एफआईआर करने मण्डला एसपी को प्रतिवेदन दिया जाएगा।ज्ञात हो कि बीईओ कार्यालय निवास में वर्ष 2018 से मृत शिक्षकों के नाम सैलरी के साथ इनके नाम से पेंशन भी निकाली जाकर रुपयों का बंदरबांट कंप्यूटर ऑपरेटर व कार्यालय के अन्य कर्मचारियों के बीच होता रहा, वहीं शिक्षा विभाग के कई मदों की शासकीय राशि के अलावा छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति की राशि एक लाख के लगभग भी इस कार्यालय के जिम्मेदारों द्वारा गबन की जा चुकी है, उक्त गबन का मामला तब उजागर हुआ जब जांच दल के मुख्य अधिकारी रोहित सिंह कौशल- (संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा शाखा जबलपुर) के अनुसार ट्रेजरी भोपाल कार्यालय के अधिकारियों ने ऑन लाइन हो रही लाखों की राशि बिना कार्य के दूसरे खातों में ट्रांसफर की जा रही थी, इस संदिग्ध आहरण को विभाग ने गंभीरता से लेते हुये जांच दल गठित किया और गठित टीम निवास बीईओ कार्यालय से किये गये फर्जी लेनदेन की पड़ताल करने पहुंची, एक सप्ताह की जांच के बाद जांच दल प्रमुख रोहित सिंह कौशल ने मीडिया को बताया कि प्रथम जांच में ही एक करोड़ बावन लाख की राशि हेराफेरी करने की पुष्टि हो चुकी है ये आंकड़ा और बढ़ सकता है, और जल्द ही बाकी पड़ताल कर गबन के आरोपियों पर एफ़आईआर करने कलेक्टर व विभाग को जांच प्रतिवेदन दिया जायेगा, लेकिन यह मामला एक महीने से ज्यादा समय का हो गया परंतु जांच दल का किसी निष्कर्ष पर न पहुँचना व गबन के किसी भी आरोपी पर अब तक प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज न करवाया जाना बड़े संदेह को जन्म देता है।

ज्ञात हो कि डीडीओ पॉवर जो विभाग खंड प्रमुख के पास होता है और बिना उनकी जानकारी के कोई भी शासकीय राशि आहरण व ट्रांसफर नहीं हो सकती, ऐसे में वर्तमान पदेन बीईओ की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता वहीं पिछले एक वर्ष में ही लेनदेन का अगर बारीकी से रिकार्ड खंगाला जायेगा तो कई करोडों के गबन किये जाने के सबूत मिल सकते हैं जिसमें वर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती शोभा अय्यर बेदाग नहीं रह सकतीं।

फिलहाल गबन का कथित आरोपी (कार्यालय का कंप्यूटर ऑपरेटर) सुनील बर्मन आजादी से घूम रहा है और वर्तमान बीईओ के सहयोग से जांच की जा रही है जबकि पदेन बीईओ शोभा अय्यर के रहते मार्च माह 2024 में ही कई लाखों की राशि दर्जनों शिक्षकों के खाते व फर्जी अकॉउंट में कंप्यूटर ऑपरेटर स्वयं व पत्नी के खाते में ट्रांसफर करता रहा, जो वर्तमान बीईओ की जानकारी के बगैर संभव ही नहीं है वहीं अब कंप्यूटर ऑपरेटर ये कह रहा है कि में फर्जीवाड़े की राशि मामले के सभी जानकार कर्मचारियों को देता रहा हूँ।

## पालकों से अपनी बात कहने घर घर पंहुचे शिक्षक



**मण्डला।** जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बिछिया जनपद की ग्राम पंचायत लफरा के शासकीय माध्यमिक उच्चतर विध्यालय माध्यमिक विद्यालय प्राथमिक कन्या शाला प्राथमिक बालक शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ प्राचार्य ए खान के नेतृत्व में आज ग्राम लफरा का भ्रमण किया भ्रमण में शिक्षक गणों ग्राम के अभिभावकों से मुलाकात कर नये शिक्षण सत्र की शुरुआत की जानकारी देते हुए छात्र छात्राओं को निरंतर शाला भेजने की बात कहते हुए शाला प्रबंधन के लिए सलाह भी मांगी व अभिभावकों को किस तरह बच्चों को पढाई के लिए प्रेरित करने के कुछ टिप्स भी बताये।

## अंजनिया पूर्व सामान्य जग मंडल के अंतर्गत डुडका ग्राम पंचायत के भावाजर बीट से ,जमकर निकाली जा रही रेत

*** अनजान बना हुआ वन विभाग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

पूर्व सामान्य वन परिक्षेत्र अंजनिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत डुडका के भावा बीट से अवैध रेत निकाल कर बेचने का मामला सामने आया है।

दरअसल बताया जाता है कि भावा बीट के प्रभारी के द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर जमकर रेत का परिवहन करने में लोगों को सहभागिता दी जा रही है जिससे यहां रातों के अंधेरों पर वन विभाग के एरिया से रेत निकाली जा रही है पर इन सबके बावजूद भी वन विभाग का अमला ऐसे गैर जिम्मेदारों पर कार्यवाही करने के बजाए उन्हें संरक्षण दे रहा है जिससे वे मनमानी कर रहे है।

जानकारी के मुताबिक पूर्व सामान्य वन परिक्षेत्र अंजनिया की भावा बीट ग्राम पंचायत डुडक़ा के अंतर्गत मटियारी नदी व वन क्षेत्र के नालों से बीट गार्ड की मिलीभगत से अवैध रेत का काम चरम पर है। हमारे सूत्र बताते हैं कि यहां परिवहन रातों में 11:00 के बाद चालू होकर सुबह तक जारी रहता है तो वही इस परिवहन कार्य में अहमदपुर और डुडका की गाड़यि शामिल है। इन सब के अलावा एक जानकारी और हमें मिली है कि बीट गार्ड को एक नहीं बल्कि दो प्रभार मिले हैं इससे वह अपने पद की मनमानी कर रहा है और क्षेत्र में अवैध कार्य करने को अंजाम दे रहा है। इसे अपना पहला प्रभार मधुपुरी बीट के जंगलों में जंगलों की देखरेख सही ढंग से नही करपाये जहां अवैध कटाई जम कर हुई है जांच करने पर ही सत्यता का पता चलेगा इसके बाद दूसरा प्रभार भावा बीट मे दिया गया है जिनके संरक्षण में अवैध रेत परिवहन और वनो में अवैध कटाई आदि जमकर चल रही है।

#### *इनका कहना है:-*

*फोन के माध्यम से जब हमारे स्थानीय संवाददाता इस मामले पर जानकारी लेने के लिए इनसे संपर्क किये तो इन्होंने कॉल में अपने आप को अनजान बताते हुए, हमारे संवाददाता को गुमराह करने की कोशिश की गई, और टोल मटोल कर जानकारी देने से बचते देखा गया। अंत में इन्होंने कहा कि इस मामले पर आपको जो खबर में छापना है छाप दो।*

***बीट गार्ड नितिन बलाड़ी***
***वन रक्षक***

*इस मामले पर कॉल में इनसे जानकारी लेनी चाही गई और दो बार कॉल किया गया, रिंग पूरी गई लेकिन इन्होंने कॉल नही उठाया।*

***वन परिक्षेत्र अधिकारी***
***अंजनिया लतिका तिवारी उपाध्याय***

**खबर संक्षेप**

## श्री संत तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय जी में श्रुत पंचमी मनाई गई



**गाडरवारा।** नगर में सदा ही धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई देखी जाती है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस श्री संत तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय जी में आचार्य प्रवर संत श्रोमणि तारण तरण मण्डलाचार्य महाराज के परम साधक श्रद्धेय भैयाजी परमानन्द महाराज एवं श्रद्धेय सुरेश भैयाजी का आगमन हुआ। इस अवसर पर श्री संत तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय जी में भैयाजी के सानिध्य में श्रुत पंचमी मनाई गई। ज्ञातव्य है की पूज्य आचार्य श्री धरसेंन जी के चिंतन एवं आशीर्वाद से आचार्य श्री पुष्पदंत जी एवं आचार्य श्री भूतबलि जी ने जेठ शुक्ल पंचमी के दिन षट्खण्डागम ग्रँथ की रचना पूर्ण की तभी से श्रुतपंचमी मनाई जा रही है। श्रुत पंचमी के अवसर पर सुबह श्री चैत्यालय जी में मंदिर विधि का आयोजन किया गया ततपश्चात भैयाजी परमानन्द महाराज ने श्रुत पंचमी के बारे में अपने प्रवचन में बताया की श्रुत और ज्ञान का यह पर्व हमें वीतराग सन्तो की वाणी आराधना और प्रभावना का संदेश देता है। आचार्यो ने षट्खण्डागम ग्रँथ देकर वीतराग भगवंतों की वाणी को लिपिबद्ध कर हमें अपना भव पार करने का संदेश दिया है। इस अवसर पर मंदिर विधि कराने का सौभाग्य मनोज जैन श्रीमती दर्शना जैन को सुपुत्री सोम्या को प्राप्त हुआ।

## बैकों के एटीएम बने पशुओं के तबेला

**गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से सरकार द्वारा हर व्यक्ति को बैकों में खाता खुलबाने की बात कहते हुए संपूर्ण लेन देन को कागज से मुक्त कराया जा रहा है, जिसके चलते जब बैकों में कोई व्यक्ति पैसा निकालने के लिए पहुंचता है तो बैकों द्वारा कहा जाता है कि वह संपूर्ण लेनदेन एटीएमों के माध्यम से करे, जिसके लिए कहने को तो बैकों द्वारा नगर में जहां तहां एटीएमों की स्थापना की गई है। मगर उन एटीएमों की सच्चाई देखी जावे तो जहां एटीएमों में गंदगी का अम्बार लगा हुआ देखा जा रहा है, वही दूसरी ओर नगर के अनेक एटीएम इस प्रकार से देखे जा रहे है पर सुरक्षा की व्यवस्था रहना तो दूर की बात इन एटीएम सेन्टरों में पशुओं का डेरा जमा हुआ दिखाई देना आम बात हो चुकी है, क्योंकि इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के चलते बगैर सुरक्षा गार्ड के चल रहे एटीएमों में मिलने वाली ठंडक के चलते पशुओं का डेरा जमना दिखाई देने से नही चूकता है, कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते दिवस एक बैक एटीएम में उस समय देखने मिली जब कुछ लोग उस एटीएम से पैसा निकालने के लिए पहुंचे तो एटीएम के अंदर पशुओं का डेरा इस प्रकार से जमा हुआ देखा गया कि मानों व पशु एटीएम में बैक द्वारा ही नियुक्त किये गये हो जो आराम से ए सी की हवा लेते हुए अपना समय व्यतीत कर रहे हो।

## बदहाली का शिकार होती चली जा रही पानी टंकी

**गाडरवारा।** जहां एक ओर स्थानीय नगर पालिका प्रशासन द्वारा अपनी संपत्ति को लेकर जिस प्रकार की उदासीनता बरती जा रही है उसका शायद ही इससे बड़ा कोई दूसरा उदाहरण देखने नही मिल पायेगा? क्योंकि ठीक नगर पालिका कार्यालय के पास वर्षो पुरानी बनी हुई शहर की सबसे बड़ी पानी टंकी इस प्रकार से बदहाली का शिकायत होते हुये देखी जा रही है उससे यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा है कि नगर पालिका द्वारा चलाये जाने वाली स्वच्छता सर्वेक्षण मात्र कागजों तक ही सीमित होकर रहने वाला हो गया है? क्योंकि इस टंकी के पास चारो ओर जहां गंदगी का आलम तो देखने मिल ही रहा है तो दूसरी ओर शहर की सबसे बड़ी पानी टंकी के नाम से प्रसिद्ध यह टंकी का हाल इस तरह का बना हुआ है कि शायद इसके निर्माण से लेकर आज तक नगर पालिका द्वारा इसकी पुताई कराना भी उचित नही समझा गया है।

# झोपड़ी में सो रहे वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या

## अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये खोजबीन में जुटी पुलिस









**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

क्षेत्र में सनसनी का महौल उस समय निर्मित होने से नही चूक पाया जब लोगों को जानकारी मिली की सालीचौका से पोडार की ओर जाने वाले मार्ग के किनारे एक झोपडी में निवासी करने वाले वृद्व की अज्ञात लोगों द्वारा सोते समय तेज धारदार हथियार से बार करते हुये हत्या की दी गई। क्योंकि बीते हुये कुछ िनों से सालीचौका क्षेत्र में जिस तरह चोरी के प्रयास सहित इस तरह हत्या की घटना ने निश्चित तौर से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है? वही घटना के संबंध में बताया जाता है कि मूल रूप से ग्राम सावरी निवासी शीतल पिता लक्ष्मी उर्फ लच्छू ठाकुर उम्र लगभग 65 वर्ष अपने बेटा बहू व पत्नी के साथ सालीचौका से पौडार की ओर जाने वाले मार्ग के किनारे बने हुये मकान में निवास करता था। वही बेटा व बहू नरसिंहपुर उपचार के लिये गये हुये थें। इस तरह वृद्व पति पत्नि सोमवार की रात अपने घर में सो रहे थें। जिसमें शीतल ठाकुर गर्मी के चलते घर के आंगन में सो रहा था। इस तरह घर के आंगन में सो रहे वृद्व शीतल ठाकुर पर अज्ञात लोगों द्वारा तेज धारदार से हत्या करने के बाद भाग गये। वही जब मृतक के परिजनों ने सुबह देखा तो शीतल ठाकुर की खून से सनी हुई लाश घर के आंगन में विस्तर के नीचे पड़ी हुई थी। घटना की जानकारी तुरंत सालीचौका पुलिस को दी गई जिसके चलते सालीचौका पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मुंआवना करने के बाद अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही घटना की सूचना मिलने के साथ गंभीरता को ध्यान में रखते हुये तुरंत उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी घटना स्थल पर पहुंचे। वही कुछ देर पर उप पुलिस अधीक्षक अमित सिंह ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर मृक शव सहित घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद आरोपियों की शीघ्र की खोजबीन करने के लिये सख्त आदेश दिये गये। वही पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा बनाने के बाद शव परिक्षण उपरांत परिजनो को सौप दिया गया है। इस तरह घटित हुये अंधे हत्या कांड को लेकर जहां संपूर्ण सालीचौका क्षेत्र में सनसनी का महौल देखने मिल रहा है तो दूसरी ओर खेतों में रहने वाले लोगों में दहशत का महौल बनते हुये देखा जा रहा है। वही घटना के संबंध में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि हमे सुबह सूचना मिली की सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत सालीचौका से पौडार जाने वाले मार्ग पर बनी हुई एक झोपडी में निवास करने वाले एक वृद्व जो अपने परिवार के साथ निवासी करता था रात के समय किसी अज्ञात लोगों द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मै तथा टीआई गाडरवारा व पुलिस अधीक्षक ने खुद ही घटना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। वही घटना को लेकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। आरोपियों की खोजबीन के लिये खोजी कुत्ता तथा फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ की ममद ली जा रही है। अभी तक यह बात स्पष्ट नही हो पाई है कि आखिरकार घर में सो रहे वृद्व की हत्या करने के पीछे आरोपियों का क्या उद्वेश्य रहा होगा। संपूर्ण सच्चाई का पता तो आरोपियों के पकड़े जाने के बाद ही चल पायेगा। हमारी टीम मृतक के परिजनों से पृथक पृथक पूछताछ करते हुये घटना के सही कारणों का पता करने का प्रयास कर रही है। वही पुलिस का प्रयास है कि शीघ्र ही हत्या की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों का पता लगाते हुये उन्हें गिरप्तार किया जावेगा। इस तरह सालीचौका क्षेत्र में घटित हुये अंधे हत्या कांड की घटना पुलिस के लिये एक चुनौती बनने से नही चूक प रहा है। क्योंकि इसके पहले करेली के एक मंदिर में पुजारी की हत्या सहित हाल में में नबलगांव में एक युवक की हुई हत्या के आरोपियों को पुलिस आज तक खोजने में असफल देखी जा रही है तो दूसरी ओर अब पुलिस के सामने सालीचौका में घटित हई एक और अंधा हत्याकांड सामने खड़ा हो गया है?



## आवारा सुअरों के भ्रमण से फैल सकती है नगर में बीमारी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय चल रहे मौसम के चलते आम जोग तेज धूप के कारण लोग गर्मी से परेशान होने के साथ साथ अनेक प्रकार की बीमारियों से ग्रस्ति तो हो ही रही है साथ ही साथ देखा जा रहा है कि इस समय नगर की सड़कों पर जहां आबारा पशु धमाचौकड़ी मचाये हुए तो देखे ही जा रहे है। वही दूसरी ओर नगर की गलियों से लेकर कुलियों में आबरा सुअर भी गंदगी फैलाते हुए देखे जा रहे है? इस संबंध में नगर के लोगों का कहना है कि सुबह के वक्त नपा के कर्मचारियों द्वारा झाडू लगाने के बाद सड़कों को सुन्दर कर दिया जाता है। मगर इसके बाद जब साफ जगह से सुअरों का झुंड निकलता है तो पूरा क्षेत्र गंदा कर दिया जाता है, इतना ही नही इन सुआरों की मटर गस्ती के चलते नगर के वार्डो में भी पूर्ण रूप से प्रदूषण फैल रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के भामा वार्ड के अंतर्गत अनेक जगहों पर सुअरों के झुंड भ्रमण करते हुए आसानी से देखने मिल सकते है, जिसमें कुछ स्थान तो इस प्रकार से भी है जहां पर दिन दिन भर सुअर अपना डेरा जमाकर विरोजमान रहते है जिसके चलते लोगों के घरों के सामने रखा हुआ समान को भी यह सुअर क्षति पहुंचाने से नही चूकते है। इस प्रकार से आने वाली बारिश के दिनों में नगर में घूमने वाले इन सुअरों के चलते जहां भंयकर बीमारी फैलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है, वही दूसरी ओर सड़को पर सुअरों के अचानक गुजरने की स्थिति में आये दिन सड़क दुघर्टनाएं भी घटित हो जाती है। इस प्रकार से जहां तहां घूम रहे पालतू सुअरों को लेकर लोगों द्वारा नपा से मांग की गई कि वह इस संबंध में उचित कदम उठाने की पहल करते हुए लोगों को सुअरों के अंतक से मुक्ति दिलाई जावे।

## अधिकारियों ने किया खाद व बीज दुकानों का निरीक्षण, नमूना लेकर जांच हेतु भेजने के साथ दुकानदारों को दिये सख्त आदेश

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**





जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देश एवं उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में बीते हुये दिवस गाडरवारा में अतरोलिया ट्रेडर्स कृषि सेवा केन्द्र, नर्मदा कृषि सेवा केन्द्र, जगदम्बा ट्रेडर्स एवं पटेल एजेंसी का निरीक्षण किया गया। बताय जाता है कि इस निरीक्षण के दौरान कमियां पाये जाने पर नोटिस जारी किये गये साथ ही नमूना लेकर प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। ज्ञात हो कि खरीफ सीजन चालू हो गया है। जिले के समस्त कृषि आदान विक्रेताओं की बैठक ली गई। विक्रेताओं को गुणवत्ता युक्त आदान विक्रय करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान किसानों को भी सलाह दी गई है कि वे विक्रेताओं से बिल अवश्य प्राप्त करें। बिल न देने एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो इसकी लिखित शिकायत क्षेत्रीय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में दे सकते हैं। अद्यतन स्थिति में उर्वरक के 125, बीज के 116 एवं कीटनाशक के गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई। कृषकों को खरीफ मौसम में उत्ततम गुणवत्ता वाला कृषि आदान उर्वरक/ बीज/ कीटनाशक औषधि प्राप्त हो। इसको सुनिश्चित करने के लिए अधिनियमों का पालन न करने वाले उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 तथा बीज अधिनियम 1966, बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के प्रावधान शासन द्वारा बनायें गये है। जारी प्रावधान के अनुसार अधिकृत लायसेंस प्राप्त करने के बाद ही व्यापार प्रांरभ करें। केवल अधिकृत स्थान पर ही भण्डारण करें। प्रत्येक निर्माता और प्रत्येक प्रकार के उर्वरकों/ बीज/ कीटनाशक का वितरण प्राधिकृत प्रपत्र पर आवश्यक अंकित करायें। केवल उन्हीं उर्वरकों का व्यापार करें, जिसका विवरण प्राधिकृत प्रपत्र पर अंकित है। अधिकृत प्रपत्र को कारोबार के प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करें। सभी आदान की स्टॉक स्थिति तथा मूल्य सूची भी प्रदर्शित करें। सभी आदान मानक स्तर के हो एवं निर्धारित मूल्य से अधिक पर नहीं बेचे। अपने प्राधिकृत प्रमाण- पत्र का नवीनीकरण अवसान तिथि से पूर्व ही करवा लें। प्रत्येक क्रेता को फार्म- एम की रसीद दें एवं व्यापार का हिसाब किताब फार्म- एन के अनुसार ही रखें। इसी प्रकार बीज एवं कीटनाशक की भी रसीद कृषकों को निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराई जाये। मिलावटी एवं नकली कृषि आदान न बेचे तथा जिस बोरे पर पूरा विवरण न छपा हो उसे न बेचे, यदि प्राधिकार पत्र निरस्त एवं वैध न हो तो व्यापार न करें। प्रत्येक माह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/ निरीक्षक एवं कृषि कार्यालय को भण्डारण, वितरण का प्रतिवेदन 5 तारीख तक अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करें। निर्देशित किया गया कि उर्वरक/ बीज/ कीटनाशक औषधि अधिनियमों का पालन सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में सम्बंधित के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित लायसेंस निलंबन/ निरस्तीकरण एवं एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही की जावेगी। खरीफ सीजन वर्ष 2024 में धान लगभग 70 हजार हेक्टर में एवं मक्का लगभग 48 हजार हेक्टर में बोई जाना प्रस्तावित है। अतः कृषि विभाग द्वारा बीज विक्रय के लिए लायसेंस इस आशय के साथ जारी किया जाता है कि विक्रेता अपने जिले के कृषकों की मांग अनुसार विषय में वर्णित मानक बीज समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। विक्रेताओं को यह ध्यान देना चाहिये कि रिसर्च के नाम पर बाजार में बिकने वाला बीज, बीज की श्रेणी में नहीं आता है। अतः रिसर्च बीज का जिले में परिवहन, भंडारण एवं विक्रय न किया जाये। ऐसा करने पर बीज अधिनियम 1966 के प्रावधान अनुसार दण्डात्मक कार्रवाई की जावेगी। बीज की अधिक मांग होने पर टीएल (सत्यशरूप) एवं हाइब्रिड बीज के विक्रय की अनुमति सीमित मात्रा में तब दी जा सकती है, जब टीएल एवं हाइब्रिड बीज से संबंधित कृषि विभाग के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान बताया गया कि बीज का वर्ग, बीज का स्त्रोत, बीज की किस्मी, बीज का लॉट नम्बर, बीज के अंकुरण एवं शुद्धता का प्रतिशत तथा विश्लेषण की तारीख, बीज में लगाये जाने वाले लेबल की जानकारी, बीज की अधिसूचना की रिपोर्ट, हाईब्रिड बीज में मेल, फीमेल लाइन की जानकारी, उक्त बीज का प्रदर्शन कहां- कहां किया गया/ डाला गया एवं उसकी रिपोर्ट, बीज का उत्पादन, स्वयं के खेतों में या कृषकों के खेतों में लिया गया, उत्पादित मात्रा तथा जिले में विक्रय हेतु कितनी मात्रा में भंडारण किया गया, बीज के किस- किस जिले में कितने कितने नमूने लिये गये, प्रयोगशाला से प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट, मध्यप्रदेश में बीज विक्रय हेतु अनुमति, बीज की नरसिंहपुर कृषि जलवायु क्षेत्र हेतु अनुशंसा (मध्य नर्मदा घाटी) की जानकारी उपलब्ध करायें।

## सदियों पुरानी चौगान किले पर पहुंचकर अधिकारियों बावड़ी की हुई साफ-सफाई, तूमडा का ऐतिहासिक तालाब का सौंदर्यकरण की कार्य योजना







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन, जलाशयों, कुओं, बावड़ियों की साफ- सफाई व श्रमदान और पौधरोपण जैसे अनेक कार्य जिले में किये जा रहे हैं। जिले में यह अभियान जोर पकड़ा दिखाई दे रहा है। अभियान में जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी, स्वयं सेवक संगठन के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इसी क्रम में बीते हुये िदवस अभियान के अंतर्गत समीपस्थ जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत की ग्राम पंचायत भैरोपुर के अंतर्गत आने वाले चौगान किले में राजा-महाराजाओं के समय की सदियों पुरानी बावड़ी की साफ- सफाई की गई। मानव श्रृंखला बनाकर 100 फिट गहराई से मलवे को निकाला गया। इस दौरान एसडीएम कलावती ब्यारे, जनपद सीईओ धनाराम उईके, वन विभाग व प्रशासनिक अमला, पटवारी, आरआई, जन अभियान परिषद, ग्राम पंचायत सरपंच अभिषेक कौरव, जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था और ग्रामवासियों ने सदियों पुरानी बावड़ी की साफ- सफाई में अपना योगदान दिया। वही दूसरी ओर राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं, तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान में जनसहयोग से नदी, नालों एवं तालाबों की साफ- सफाई व गहरीकरण किया जा रहा है। इस अभियान में जिले के जनप्रतिनिधि, नागरिक, जन अभियान परिषद, अधिकारी व कर्मचारी और स्वयं सेवक आगे बढ़कर सहभागिता कर रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत सांईखेडा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तूमड़ा के ऐतिहासिक तालाब का सौंदर्यीकरण कर पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। तालाब के बीचोबीच भगवान भोलेनाथ का मंदिर है और उसके नीचे जलाशय है। वहां बाउंड्रीवॉल का निर्माण कर विभिन्न प्रकार के पौधरोपण किया जायेगा। इस कार्य में जनपद पंचायत अध्यक्ष छत्रपाल सिंह बुटयावत, गोरीशंकर खेमरिया, सीईओ जनपद बसंत तिवारी, जन भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय सांईखेड़ा के अध्यक्ष, जन अभियान परिषद सांईखेड़ा ब्लॉक समन्वयक, उपयंत्री जनपद पंचायत, नमामि गंगे विभाग के जिला संयोजक, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व गणमान्य नागरिकों ने अपना सहयोग दिया।

## नॉट फार सेल मार्काधारी सीमेन्ट का विक्रय किसके द्वारा किया जा रहा है

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जिस प्रकार से समीपस्थ चीचली क्षेत्र में स्थापित होने जा रहे एनटीपीसी पावर प्लांट क्षेत्र में आये दिन अनेक प्रकार की अनोखी घटनाएं घटित होने के कारण संपूर्ण क्षेत्र चर्चा में बना हुआ है? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से बीते हुये वर्षो में इस एनटीपीसी क्षेत्र में लोहे की चोरी सहित अन्य कार्य कलापों के चलते हुई जांच में चौकाने वाली सच्चाई भी उजगार हो चुकी है? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से इस समय एनटीपीसी स्थापित होने वाली क्षेत्र के अनेक गांवों में ट्रेक्टर ट्रालियों में लदकर जा रहे नॉट फार सेल वाले मार्काधारी सीमेन्ट की बिक्री सिर्फ चर्चा का विषय ही नही अनेक संदेहों को जन्म देते हुए जान पड़ रही है? इस प्रकार से क्षेत्र के गांवों में लगातार पहुंच रहे इस प्रकार से नॉट फार सेल मार्काधारी बोरियों वाले सीमेन्ट की सच्चाई को लेकर बताया जाता है कि जब किसी क्षेत्र में किसी शासकीय उद्योग या फिर कोई बड़ा निर्माण होता है तो इस प्रकार की सामग्री सीधे कंपनी के माध्यम से निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी को पहुंचाई जाती है और इसके लिए शासन द्वारा सीधे कंपनी से कान्टेक्ट करते हुए माल लिया जाता है, जिसका विक्रय नही होता है? मगर इस समय जिस प्रकार से गांव गांव ट्रेक्टर ट्रालियों में पहुंच रहे इस प्रकार के सीमेन्ट की सच्चाई को देखकर बड़े स्तर पर होने वाली गफलबाजी की ओर संकेत मिलते हुए दिखाई दे रहे है? इस प्रकार से गांवों में पहुंच रहे सीमेन्ट को ट्रेक्टर ट्राली में ले जाने वाले लोगों से चर्चा की गई तो वह इस सीमेन्ट की सच्चाई को उजागर करने में असमर्थ दिखाई दिये? क्योंकि इस प्रकार से नॉट फार सेल मार्का से सुसज्जित माल किसी दुकान द्वारा तो विक्रय हो नही सकता है तो फिर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि आखिरकार यह माल आ कहा से रहा है? क्योंकि इस माल को उन गांवों में पहुंचते हुए देखा जा रहा है जहां पर न तो कोई शासकीय स्तर का बड़ा निर्माण हो रहा है और न ही निर्माण होने की कोई जानकारी है? अब सीधे तौर पर यह अनुमान लगते हुए जान पड़ रहा है कि कही ऐसा तो नही कि क्षेत्र में चल रहे रेल्वे लाईन के ब्रज या फिर किसी अन्य बड़े निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा ही इस माल को आने पोने दामों में खपाने की जुगाड़ बिठाते हुए इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा हो..? इस प्रकार से से गांव गांव पहुंच रहे इस सीमेन्ट की सच्चाई के पीछे क्या राज छिपा है उसे तो भगवान ही जाने? मगर लगातार गांवों की ओर सप्लाई होने वाले इस सीमेन्ट की सच्चाई को लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा निर्माणाधीन शासकीय कार्यो की जांच कराई जाने की मांग की जाने लगी है?




## स्टैट हाईव गाडरवारा करेली मार्ग पर निकल रहे गड्ढे

**हरिभूमि न्यूज/कौडिया।** जहां एक ओर सरकार द्वारा लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। मगर अक्सर देखा जाता है कि सरकार द्वारा सड़कों के लिए स्वीकृत की जाने वाली राशि का निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सीयों द्वारा इस प्रकार से निर्माण किया जाता है कि वह जहां चंद दिनों में अपनी गुणवत्ता की कहानी स्वयं बताने लगी है, वही दूसरी ओर आम लोगों के लिए पेरशानी का कारण बनती है?

## कक्षा पाँचवी व आठवीं की पुनः परीक्षा का मूल्यांकन कार्य हुआ पूर्ण




**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**

स्थानीय मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा पांचवी व आठवीं 2024 की पुनः परीक्षा का विकासखंड स्तरीय मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो चुका है। बताया जाता है कि इस मूल्यांकन कार्य हेतु भारत ताम्रकार को मूल्यांकन केंद्र प्रभारी तथा सत्यम ताम्रकार को सहायक मूल्यांकन केंद्र प्रभारी नियुक्त किया गया था। जिन्होंने उत्तर कॉपियों के मूल्यांकन में विषयवार माध्यमिक शाला के मूल्यांकनकर्ता शिक्षक रामकुमार कौरव, रजनी जगेत, मधुलिका दुबे, अर्चना अवस्थी, अमित बेलवंशी, शैलेश खोब्रागडे तथा प्राथमिक शाला से गिरीश ताम्रकार, धीरज जसाठी, सत्यम सोनी, भूषण साहू की उपस्थिति रही। यह मूल्यांकन कार्य जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर के मार्गदर्शन तथा जिला परियोजना समन्वयक नरसिंहपुर एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक चीचली डी के पटैल के निर्देशन में संपन्न हुआ।

**हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, गाडरवारा**
**स्थान परिवर्तन सूचना**

हरिभूमि कार्यालय, गाडरवारा ब्यूरो कार्यालय जो पहले स्टेशन रोड उत्सव भवन के सामने था उसका स्थान परिवर्तन होने के बाद अब **अलका टाकीज रोड विजय कालोनी डॉ. आशुतोष मेहता की दांत अस्पताल के बाजू में** पहुंच गया है। समस्त हरिभूमि विज्ञापन दाता व पाठकगण अपने प्रिय अखबार हरिभूमि में अपने विज्ञापन व समाचार देने तथा हरिभूमि की प्रति प्राप्त करने के लिये अब हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय के नये पते पर संपर्क करे।

**संपर्क**
लाल साहब कौरव — तहसील ब्यूरो प्रमुख 7771973184
उमेश कौरव — तहसील प्रतिनिधि 9425467157

**कार्यालय का नया पता**
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय अलका टाकीज रोड विजय कालोनी,
डॉ. आशुतोष मेहता के बाजू में गाडरवारा / कार्यालय फोन नं. - 07791-254644

## खबर संक्षेप

### अमरपुर विकास खंड के गली मोहल्ले में बिक रही अवैध शराब

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** जिले में अमरपुर सबसे शांत ब्लॉक में गिना जाता रहा हैं। परंतु कुछ वर्षों से ब्लॉक मुख्यालय के साथ आसपास के गांव गांव में अवैध कारोबार का धंधा जोरों पर चल रहा हैं। अवैध शराब बिक्री का पूरे ब्लॉक का कोई भी गांव अछूता नहीं हैं। जिस गांव में अवैध रूप से शराब बिक्री न होती हो चाहे जिस गांव में पहुंच जाएं अंग्रेजी शराब आसानी से ढाबा, होटल, चाय पान के टपरे एवं किराना दुकानों में उपलब्ध हो जाती हैं। अमरपुर ब्लॉक के किसलपुरी, सक्का, पिंडरूखी मुख्यालय में तो आधा दर्जन विक्रय केंद्र बने हुए हैं। जोकि अधिक कीमत में बेचने की वजह से आए दिन विवाद होते रहते हैं, ऐसे में कोई बड़ी घटना संभावित हैं। आसानी से शराब की उपलब्धता की वजह से देश के भविष्य कहे जाने वाले नवयुवक भी नशे के आदी होते जा रहे हैं। जिससे वाहन दुर्घटना एवं चोरी आदि अपराध बढ़ते नजर आ रहे हैं। इस नशाखोरी की वजह से घरेलू विवाद के चलते परिवार तबाही की कगार में पहुंच रहे हैं। जबकि इस अवैध कारोबार के नियंत्रण रोकथाम के लिए शासन द्वारा आबकारी विभाग की स्थापना की गई हैं। जो शायद सबसे निष्क्रिय विभाग साबित हो रहा हैं। जो अवैध शराब बिक्री रोकने तो क्या अंकुश भी नहीं लग पा रहा हैं। जानकारी अनुसार कभी-कभार विभाग का उड़नदस्ता क्षेत्र में पहुंचता हैं। जिसकी जानकारी विक्रय केंद्रों में पहले पहुंच जाती हैं। कभी अवैध व्यापार करने वालों के नाम से नाम मात्र की जप्ती बनाकर अपने कर्तव्य की इति श्री मान लेते हैं। शराब के शौकीन सड़क किनारे बैठकर शौक पूरा करते हैं। और कांच सड़क पर फोड़ कर चले जाते हैं। जोकि वाहन चालकों, पदयात्रियों एवं मवेशियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ हैं। अमरपुर से जिस रोड़ में भी चले जाएं रोड किनारे बोतलों के बोतल फूट पड़े बिखरे ही मिलेंगे चाहे अमरपुर से चांदपुर हो या अमरपुर से देवरी, समनापुर, अमरपुर से भानपुर, अमरपुर से सक्का, अमरपुर से सलवाह रोड़ में अवैध रूप से पीने पिलाने का दौर निरंतर जारी हैं।

### अवैध शराब के साथ दो युवक धराये

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** कोतवाली थाना पुलिस ने दो स्थानो में रेड कार्यवाई करते हुए अंग्रेजी शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं । जिनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34ए के तहत कार्यवाईर् की गई है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की बस स्टैंड अवंती बाई चैक के पास एक आदमी जो अवैध रूप से शराब विक्री की नियत से रखा हुआ है । सूचना के बाद कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक रोहित पटेल हमराह स्टाप के साथ बताये ठिकाने पर पहुंचकर बताये हुलिया के मुताबिक मौजूद व्यक्ति से पूछताछ करते हुए उसके हांथ में रखे थैला की तलाषी ली गई जिसमें 15 पाव देषी मदिरा शराब कीमत 1050 रूपये बरामद किया गया । आरोपी से नाम पता पूछने पर अपना नाम लक्ष्मण बर्मन पिता गोविन्द बर्मन उम्र 32 साल निवासी वार्ड 09 डिण्डौरी का होना बतलाया । वहीं मुखबिर की सूचना पर दबिष देते हुए जबलपुर बस स्टैंड के पास एक ठेला के नजदीक थैला में अवैध रूप से शराब विक्रय करने की नियत से रखे हुए व्यक्ति को धर दबोचा गया जिसके कब्जे से 15 पाव देषी मदिरा शराब कीमत 1050 रूपये बरामद किया गया हैं । आरोप से नाम पता पूछने पर चंदन कुमार बनावल पिता षिवभान बनावल उम्र 33 साल निवासी वार्ड 07 नर्मदा गंज डिण्डौरी का होना बतलाया गया । इस कार्यवाई को कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक दीपक उइके हमराह स्टाप के साथ अंजाम दिया हैं । कार्यवाई के दौरान आरोपियो से शराब रखने के संबंध में वैद्य दस्तावेज की मांग की गई लेकिन उपलब्ध नहीं कराया गया ।

# सीएम के आदेश का असर नहीं, खुले में बिक रही मांस-मछली

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा नगर में मार्ग किनारे खुलेआम मांस व मछली की बिक्री की जा रही है। इससे गंदगी फैलने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण व लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर कोई उचित कार्रवाई नहीं की जाती है। सोमवार को नगर में साप्ताहिक हाट बाजार होने से इन दुकानों पर भीड़ देखी गई। शासन के आदेश के बाद भी दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से मांस, मछली व अंडे की बिक्री खुलेआम की जा रही है।

विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव द्वारा जारी आदेश में खुले में मांस-मछली की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया था। इसके बाद नगर परिषद् शहपुरा द्वारा मुनादी कर क्षेत्र में खुले में मांस, मछली विक्रेताओं को सूचित कर नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक नगर में निर्देशों का कोई पालन नहीं किया जा रहा है। खुलेआम मांस, मछली व अंडे के विक्रेता द्वारा धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है। खुले में बिक्री करने से मंदिरों के पुजारियों के साथ ही भगवान के दर्शन करने के लिए आने-जाने वाले भक्तों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



### -नदी नालों में फेंक रहे मांस के बचे हिस्से

यहां मांस के बचे हिस्सों को नदी, नाले व कोनों में फेंका जा रहा है, जिससे जल प्रदूषण होता है। मोहल्ले के लोगों द्वारा भी मांस, मछली विक्रेताओं को अन्यत्र स्थानांतरित करने के संबंध में कई बार मांग की गई, लेकिन कोई उचित हल नहीं निकल पाया है। आम जनता आज से नहीं, बल्कि पिछले कई वर्षों से इस समस्या को लेकर आवेदन सौंपती है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाती है। कुछ दिन पूर्व ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रैली निकालते हुए नगर पंचायत शाहपुर में मछली हुआ मानस के दुकान को हटवाने को लेकर ज्ञापन सोपा था और उसके बाद नगर परिषद में जल्दी एक्शन लेने की बात कही थी लेकिन आज भी वहां का माहौल वैसा का वैसा ही है।

### -बैठक का नहीं हुआ असर

शहपुरा नगर में सरकार के नवीन आदेश के बाद अधिकारियों द्वारा बैठक ली गई थी, लेकिन कुछ दिनों बाद दुकानदार पुनः खुले में अवैध रूप से मांस-मछली की बिक्री करते दिखाई दे रहे हैं।

# पुलिया निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं





**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गौरा कनहारी में पुलिया निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है जिसमें ग्रामीणों ने निर्माण में पत्थर डालकर पुलिया निर्माण करने का मामला सामने आया है। गौरा कनहारी मुख्यालय में एक रो पुलिया निर्माण कार्य में पत्थर डालकर तथा बेस में कम खुदाई किए जाने का मामला सामने आया है जिसमें ग्रामीणों ने कार्यवाही की मांग की है।

### इनका कहना है.

हार्ड मुरुम आ जाने के कारण अधिक खुदाई नहीं की गई है जिसमें जितनी बेस कंक्रीट की गई है उसका उतना ही मूल्यांकन किया जाएगा।

**-सौरभ महतो, उपयंत्री, ज.पं. समनापुर**

# भूमाफियाओं के हौसले बुलंद, रात दिन जेसीबी मशीन लगाकर कर रहे अवैध उत्खनन

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा क्षेत्र में मिट्टी खनन माफियाओं के द्वारा दिन रात जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी और मुरूम का अवैध खनन किया जा रहा है जिससे राजस्व विभाग को लाखों की क्षति हो रही है। डिंडोरी जिला के शहपुरा तहसील क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी खनन माफियाओं के द्वारा दिन रात जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे राजस्व विभाग को लाखों की क्षति हो रही है। जेसीबी मशीन संचालक राजस्थान वाले नदीम खान के खिलाफ में एसडीएम शहपुरा को लिखित शिकायत भी कुछ दिन पूर्व दिया गया है लेकिन अभी तक इन खनिज माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि उन्हें किसी का डर नही और अभी तक इन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जेसीबी संचालकों के द्वारा बिना किसी परमिशन के दिन दहाड़े सरकारी भूमियों की मिट्टी और मुरूम की अवैध खनन का काम लगातार जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में हो रहे इस तरह की अवैध उत्खनन और जेसीबी संचालकों की मनमानी पर कार्यवाही न करना कहीं ना कहीं कुछ और ही बयां कर रहा है, सवाल



खड़े हो रहे हैं आखिर जिम्मेदार अधिकारी क्यों नहीं करवाई कर रहे हैं और उनके सर पर किनका हाथ है। क्षेत्र में खनन माफिया पुलिस की मिलीभगत से मिट्टी का अवैध खनन कर रहे है। शहपुरा क्षेत्र में लगातार पिछले कई दिनों से मिट्टी मुरूम का अवैध रूप से जेसीबी मशीन के द्वारा खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि दिनदहाड़े जेबीसी मशीन से मिट्टी खोदकर ट्रैक्टरों की ट्रॉली में भरकर 400- 500 रुपये प्रति ट्रॉली की दर से बेची जा रही है। जिससे राजस्व विभाग को हजारों रुपये की क्षति हो रही है। माफिया रातों रात मिट्टी का खनन करते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खनन माफिया के पास मिट्टी उठाने का कोई भी परमिट नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि शहपुरा थाना क्षेत्र में चाहे वह बरखेड़ा गुरैया मार्ग हो या फिर डोभी कछारी मार्ग हो जहां पर दिन रात शहपुरा क्षेत्र के चारों ओर मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर होता देखा जा सकता है। बिना किसी रोक टोक के माफियाओं द्वारा अवैध खनन करके मिट्टी बेचने का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा है।

# चाकू गोदकर हत्या कर फरार इनामी आरोपी उत्तर प्रदेश से हुआ गिरफ्तार



**-शहपुरा पुलिस को मिली बडी कामयाबी**
**-आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया गया पेश**

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह द्वारा जिले के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो सभी थाना क्षेत्रों में पूर्व लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी जारी है। घटना दिनांक 20.8.2023 को रात करीब 10.00 बजे मृतक तोसा बहेलिया स उम्र 35 साल निवासी पड़रिया कला थाना शहपुरा जो घटना दिनांक को घर की परछी में था मामूली झगड़ा विवाद पर आरोपीगण अलवर बहेलिया तथा मोबाइल बहेलिया द्वारा एक राय होकर चाकू से वार कर मृतक तोसा बहेलिया की हत्या कर दी गई थी जिस पर थाना शहपुरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था दौरान विवेचना आरोपी अलवर बहेलिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था तथा घटना दिनांक से ही मुख्य आरोपी मोबाइल बहेलिया लगातार फरार चल रहा था मुख्य आरोपी मोबाइल बहेलिया घुमक्कड़ जाति का व्यक्ति है जो संपूर्ण भारत में कहीं भी डेरा बनाकर परिवार सहित रहता था जो लगातार आरोपी की पता तलाश की जा रही थी आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक डिंडोरी द्वारा रुपये 10000 का इनाम घोषित किया गया था जिससे पुलिस अधीक्षक डिंडोरी वाहनी सिंह के निर्देशन पर थाना प्रभारी शहपुरा निरीक्षक शिवलाल मरकाम द्वारा टीम गठित कर नेपाल बार्डर जिला गोरखपुर थाना खोराबार क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन कुसमी के पास डेरे से पकड़ा जाकर अभिरक्षा में लिया जाकर शहपुरा लाया गया तथा विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है।



# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में किए जा रहे जल संरक्षण के कार्य



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** जल-गंगा-संवर्धन-अभियान के तहत प्रदेश में जल स्त्रोतों तथ नदी, तालाबों, कुआं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतो के जल संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावित होने वाले नदियाँ और उनमें मिलने वाली सहायक नदियॉ एवं जल संरचनाओं के पुनर्जीवीकरण किया जा रहा है।कलेक्टर विकास मिश्रा के मार्गदर्शन में आज 11 जून को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड अमरपुर के ग्राम चैरा में खरमेर नदी की साफ सफाई की गई। इसके पूर्व मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री बद्री प्रसाद चैहान जी द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों को चैपाल के माध्यम से अभियान का उद्देश्य बताते हुए जल का महत्व तथा जल का उपयोग एवं संरक्षण का महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे नवांकुर संस्था से अरविंद यादव समिति के कार्यकर्ता बउबसकच परामर्शदाता लाल सिंह ठाकुर तथा छात्र-छात्राएं और ग्राम पंचायत सचिव तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## यातायात विभाग ने कब्जाधारियों के काटे चालान



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** बार बार समझाईश के बाद भी जिला अस्पताल के सामने पार्किंग पर बेजा कब्जा करके सामग्री रखने वाले दुकानदारों के चालान मंगलवार को यातायात अमले ने काट कर जुर्माना बसूला है।गौरतलब है कि जिला अस्पताल के सामने रोजाना बिगड़ रही यातायात व्यवस्था के मद्देनजर यातायात प्रभारी सुभाष उइके ने पिछले दिनों सभी दुकानदारों को पार्किंग स्थल में सामग्री और ठेला नहीं रखने की नसीहत दी थी। लेकिन इसके बाबजूद भी यहां सुधार नहीं होने की दशा में ट्रैफिक अमले ने कार्रवाई की है। बताया गया है कि चालानी कार्रवाई के बाद भी दुकानदारों के व्यवहार में सुधार नहीं होने पर पार्किंग स्थल से सामग्री जप्ती और संबंधित के विरुद्ध प्रकरण कायमी की कार्रवाई भी की जावेगी।

## निजी जमीन पर ग्राम पंचायत बनवा रही खेल मैदान, जिला पंचायत में हुई शिकायत

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** जनपद शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर में निजी जमीन पर पंचायत द्वारा खेल मैदान निर्मित करने की शिकायत मंगलवार को जिला पंचायत में की गई है।शिकायत के मुताबिक सरपंच कृष्णकुमार, सचिव लक्ष्मी प्रसाद यादव एवं रोजगार सहायक मुकेश बांधवे के द्वारा जिस भूमि पर खेल मैदान का निर्माण कार्य लगभग 15 दिन पूर्व प्रारंभ किया गया है, उक्त भूमि लल्लूराम पिता टूटू साहू के द्वारा पंजीकृत विलेख




के माध्यम से क्रय की गई है। जिसके सम्बंध में उच्च न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है और न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश भी पारित किया गया है। बाबजूद इसके के द्वारा पंचायत के जिम्मेदारों के द्वारा जानबूझकर न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए आंशिक रूप से निर्माण कार्य किया गया है। शिकायत में बतलाया गया है कि उक्त भूमि में लल्लूराम साहू का वर्तमान में भी कब्जा है।ऐसी स्थिति में बिना लल्लूराम साहू के अनुमति के बिना उक्त भूमि में निर्माण कार्य किया जाना अवैधानिक है।ऐसी स्थिति में उक्त निर्माण कार्य का शासकीय तौर पर भुगतान किया जाना विधि संगत नहीं है।शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाये हैं कि संबधितों के द्वारा जानबूझकर अपराधिक कृत्य किया गया है। ऐसी स्थिति में व्यक्तिगत रूप से मजदूरों का भुगतान निर्माण ऐजेन्सी से कराया जाये साथ ही शासकीय राशि का हुआ भुगतान सम्बंधितों से धारा 92 पंचायत राज अधिनियम 1993 के अन्तर्गत वसूली की जाये साथ ही सरपंच को कदाचरण की श्रेणी में आने से अधिकार व कर्तव्य के विरूद्ध कार्य करने से धारा 40 पंचायत राज अधिनियम 1993 के अन्तर्गत पद से पृथक किया जाना न्यायहित में अति आवश्यक है।

# खतरे में हैं खरमेर नदी का अस्तित्व

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** जनपद पंचायत अमरपुर एवं समनापुर के बीच बहने वाली बारहमासी खरमेर नदी जिसकी वजह से नदी की दोनों तरफ संचित फसलें एवं सब्जी पैदावार की जा रही हैं। जोकि क्षेत्र के किसानों के लिए जीवन दायिनी साबित हो रही हैं। जिस नदी की कभी सफाई नहीं की जा रही हैं और ना ही इस नदी की ओर शासन प्रशासन का ध्यान ही नहीं जा रहा हैं। खरमेर नदी में अनेक स्टाफ डैम निर्माण किए गए हैं। जहां सिल्ट जमा होना शुरू हो गया हैं। गहराई भी दिनों दिन कम होती जा रही हैं। वर्तमान समय में अमरपुर डिंडौरी मार्ग में इसी नदी में पुल निर्माण किया जा रहा हैं। जहां प्रतिदिन ब्लास्टिंग की जा रही हैं। जिसके निकले पत्थर नदी के अंदर ही ढेर लगा दी गई हैं। कुछ ही दिनों में मानसूनी बारिश होना तय हैं। जिसे पूरे पत्थर बहकर नदी के गहरे हिस्से में भरने की पूरी संभावना हैं। जिससे नदी के गहराई कम तो होगी ही साथ ही स्नान करने वाले व्यक्ति घायल भी होंगे। इसके साथ ही नदी के दोनों किनारों में अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण भी कर लिया गया हैं। जहां पर मवेशियों को भी पानी पीने जाने रास्ता ही नहीं रह गया हैं। जिस अतिक्रमण की वजह से नदी की चैड़ाई दिनों दिन कम होती जा रही हैं। इसी प्रकार चलता रहा तो आने वाले समय में नदी एक छोटे नाले में परिवर्तित होने के साथ ही अस्तित्व का खतरा भी बढ़ता जा रहा हैं।

### फार्मगेट एप का उपयोग कर कृषक कर सकेंगे घर से उपज की बिक्री

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** कृषि विभाग द्वारा प्रेसनोट जारी कर बताया गया कि फार्मगेट का उपयोग कर कृषक घर बैठे फराल बिक्री कर सकते हैं। इस एप के माध्यम से कृषकों को फसल के मूल्य की जानकारी प्राप्त होती है। कृषक को फार्गगेट एप डाउनलोड करना होगा तथा कृषक पंजीयन पूर्ण करना होगा। फसल विकय के समय कृषकों को अपनी कृषि उपज के संबंध में मंडी फसल, ग्रेड किस्म, मात्रा एवं वांछित भाव की जानकारी दर्ज करना होगा। किसानों द्वारा अंकित की गई समस्त जानकारियां चयनित मंडी के पंजीकृत व्यापारियों को प्राप्त हो जायेगी तथा प्रदर्शित होगी। कृषक एवं व्यापारी के आपसी सहमति के आधार पर चयनित स्थल पर कृषि उपज का तौल कार्य होगा। तौल कार्य के पश्चात एप के माध्यम से कृषक अपनी उपज खलियानध्घर से ही विक्रय कर सकते है और सही मूल्य एवं भुगतान प्राप्त कर सकते हैं।

# बजाग में दूध की तरह दारू उपलब्ध, पान ठेले से लेकर किराना दुकान पर दारू ही दारू

**-ठेकेदार के द्वारा गांव गांव पहुंचाई जा रही अवैध शराब में किसकी संलिप्तता**

**-प्रशासनिक अमले की चुप्पी ठेकेदार का बढ़ा रहे हौसला**

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** तहसील एवं जनपद मुख्यालय बजाग में इन दिनों दारु की नदियां बह रही है, मुख्यमंत्री यादव के राज में जहां एक ओर अवैध कार्यों को लेकर लगातार कार्यवाही कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर बजाग सहित पूरे क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार मनमानी पूर्वक चल रहा है। एक ओर शराब माफियाओं को प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है वहीं दूसरी ओर शराब ठेकेदार मनमानी पर उतारू हैं। शराब ठेकेदार के नुमाइंदे जगह जगह अवैध शराब की दुकान चला रहे हैं जिसमें घोपतपुर, सरवाही, आमाडोंगरी, पडरिया डोंगरी, बजाग, चांडा, धुरकुटा, सैलवार, झनकी, गोपालपुर, गौरा कनहारी, बम्हनी, भुरसी, लालपुर, गाडासरई, गोरखपुर, सहित अन्य स्थानों पर लगातार अवैध शराब का धंधा चरम सीमा पर चल रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक अमला और आबकारी सिर्फ खानापूर्ति करते नजर आ रहे हैं। वहीं ठेकेदार के द्वारा जगह जगह फोर व्हीलर और टू व्हीलर के जरिए अपने लड़कों रोज सुबह शाम रात में मनमानी तौर पर देशी और विदेशी शराब का व्यापार किया जा रहा है।

### इनका कहना है

अवैध शराब के मामले में आबकारी विभाग के द्वारा जानकारी प्राप्त करिए, हम इस विषय में कोई जानकारी नहीं दे सकते।

**-बी पंडोरिया, टी आई बजाग**

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, डिण्डौरी**

// अधिसूचना//

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड कम्पनी जबलपुर मण्डल प्रोपराईट प्रोपराईटर **shri prafull tiwari S/O shri arun Tiwari R/O Mukti Marg, Ward No 02 Bhua Bichhiya Distr. Mandla MP** द्वारा एनएच 543 मण्डला डिण्डौरी रोड सक्का से किसलपुरी माल रोड पर खसरा नं. 218 ग्राम माल में स्थापित किये जाने वाले न्यू रिटेल आउट लेट (पेट्रोल पम्प /डीजल पम्प) में स्थित भूमि पर विक्रय भण्डारण हेतु न्यू रिटेल आउट रेट (पेट्रोल पम्प डीजल पम्प) स्थापित किए जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाने अनुरोध किया गया है। अतः पेट्रोलियम नियम 2002 के नियम 144 के अंतर्गत प्रश्नागत भूमि पर पेट्रोल पम्प/डीजल पम्प की स्थापना से यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति होने हैं तो वह अपनी आपत्ति अधिसूचना प्रकाशित होने के 30 दिवस के अंदर इस कार्यालय में लिखित प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि समाप्त होने उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला - डिण्डौरी

## खबर संक्षेप

### अवैध परिवहन पर वाहन जब्त

**नरसिंहपुर।** बीते दिवस चिनकी उमरिया रोड पर खनिज विभाग द्वारा जांच कार्यवाही के दौरान तीन ट्रेक्टर- ट्रालियां रेत से भरी हुई बगैर ईटीपी के होने से अवैध परिवहन के प्रकरण में जप्त कर कोतवाली थाना नरसिंहपुर में पुलिस अभिरक्षा में रखी गई है। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक एमपी 49 एए 7199 के वाहन चालक सोमनाथ मल्लाह व वाहन मालिक शिवा निवासी सुरगी, वाहन ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक एम 49 एबी 3565 के वाहन चालक राजू ठाकुर व वाहन मालिक प्रदीप पटैल निवासी नंदवारा और वाहन ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक एमपी 49 जेडडी 4550 के वाहन चालक दम्मू मल्लाह व वाहन मालिक अंशुल नेमा निवासी स्टेशनगंज नरसिंहपुर को जब्त किया है। प्रत्येक वाहन में तीन-तीन घनमीटर रेत अवैध परिवहन किया जाना पाया गया।

### शांति समिति की बैठक कल

**नरसिंहपुर।** आगामी ईदुज्जुहा का त्यौहार 17 जून को शांति पूर्वक मनाये जाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक नरसिंह भवन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरूवार 13 जून को शाम 5 बजे से आयोजित की जायेगी।

### मूँग एवं उड़द पंजीयन अब 13 तक

**नरसिंहपुर।** वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024- 25) में प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत ई- उपार्जन पर ग्रीष्मकालीन फसल मूँग एवं उड़द न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य दिनांक 20 मई से 10 जून तक 2024 तक किये जाने के निर्देश दिये गये थे। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग संचालनालय भोपाल द्वारा जिले में किसान पंजीयन अब 11 जून से 13 जून तक बढ़ाई गई है।

### शौर्य का आईआईटी में चयन



**नरसिंहपुर ।** बीते दिवस जारी किये गये आईआईटी जेईई एडवांस के परीक्षा परिणाम मे जिले के होनहार छात्र ने सफलता हासिल की । ज्ञात हो कि शौर्य श्रीवास्तव यादव कॉलोनी नरसिंहपुर निवासी देवेंद्र श्रीवास्तव (माध्यमिक शिक्षक) एवं रानू श्रीवास्तव के पुत्र है प्रथम प्रयास में आईआईटी जेईई एडवांस्ड में चयन हुआ है। उनकी इस सफलता पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनायें प्रेषित की है ।

### वृहद स्तर पर मनाया जाएगा 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नरसिंहपुर।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में 21 जून 2024 को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वृहद स्तर पर मनाया जायेगा। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, हाईस्कूल के प्राचार्य, माध्यमिक शिक्षक शासकीय नेहरू उमावि नरसिंहपुर के जिला योग प्रभारी देवेन्द्र ढिमोले, समस्त विकासखण्ड योग प्रभारी एवं समस्त शासकीय उमावि, हाई स्कूल के योग क्लब प्रभारी से कहा है कि वे लगभग एक लाख छात्र- छात्राओं के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अधीनस्थ संस्थाओं के अधिक से अधिक छात्र- छात्राओं, शिक्षक व शिक्षिकाओं को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक तैयारी करें ।

### आरोपियों पर ईनाम घोषित

**उमरिय ।** आरोपी नसीम खान उर्फ बिट्टू खान, नाजिया उर्फ मुस्कान, मोटी खान तीनो निवासी वार्ड क्रमांक 5 खेरमाई माता मंदिर के पास नौरोजाबाद पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है।

# अधिकारियों ने किया बीज दुकानों का निरीक्षण

## सैंपल लेकर जांच हेतु भेजे गये, कार्रवाई से मची अफरातफरी की स्थिति







**बीज खरीदते समय किसान बिल अवश्य लें**

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देश एवं उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में गाडरवारा में अतरौलिया ट्रेडर्स कृषि सेवा केन्द्र, नर्मदा कृषि सेवा केन्द्र, जगदम्बा ट्रेडर्स एवं पटेल एजेंसी का निरीक्षण किया गया।

हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।

निरीक्षण के दौरान कमियां पाये जाने पर नोटिस जारी किये गये। साथ ही नमूना लेकर प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। खरीफ सीजन चालू हो गया है। जिले के समस्त कृषि आदान विक्रेताओं की बैठक ली गई। विक्रेताओं को गुणवत्तायुक्त आदान विक्रय करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान किसानों को भी सलाह दी गई है कि वे विक्रेताओं से बिल अवश्य प्राप्त करें। बिल न देने एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो इसकी लिखित शिकायत क्षेत्रीय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में दे सकते हैं। अद्यतन स्थिति में उर्वरक के 125, बीज के 116 एवं कीटनाशक के गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई।

### किसानों को दी जाये बिल की प्रति

खरीफ वर्ष 2024 सीजन प्रारंभ होने वाला है। कृषकों को खरीफ मौसम में उत्तम गुणवत्ता वाला कृषि आदान उर्वरक बीज कीटनाशक औषधि प्राप्त हो। इसको सुनिश्चित करने के लिए अधिनियमों का पालन न करने वाले उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 तथा बीज अधिनियम 1966, बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के प्रावधान शासन द्वारा बनायें गये है। जारी प्रावधान के अनुसार अधिकृत लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही व्यापार प्रांरभ करें। केवल अधिकृत स्थान पर ही भण्डारण करें। प्रत्येक निर्माता और प्रत्येक प्रकार के उर्वरकोंध बीज कीटनाशक का वितरण प्राधिकृत प्रपत्र पर आवश्यक अंकित करायें। केवल उन्हीं उर्वरकों का व्यापार करें, जिसका विवरण प्राधिकृत प्रपत्र पर अंकित है। अधिकृत प्रपत्र को कारोबार के प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करें। सभी आदान की स्टॉक स्थिति तथा मूल्य सूची भी प्रदर्शित करें। सभी आदान मानक स्तर के हो एवं निर्धारित मूल्य से अधिक पर नहीं बेचे। अपने प्राधिकृत प्रमाण- पत्र का नवीनीकरण अवसान तिथि से पूर्व ही करवा लें। प्रत्येक क्रेता को फार्म- एम की रसीद दें एवं व्यापार का हिसाब किताब फार्म- एन के अनुसार ही रखें। इसी प्रकार बीज एवं कीटनाशक की भी रसीद कृषकों को निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराई जाये।

### दुकानदार प्रशासन को दे पूरी जानकारी

विक्रेताओं को यह ध्यान देना चाहिये कि रिसर्च के नाम पर बाजार में बिकने वाला बीज, बीज की श्रेणी में नहीं आता है। अतः रिसर्च बीज का जिले में परिवहन, भंडारण एवं विक्रय न किया जाये। ऐसा करने पर बीज अधिनियम 1966 के प्रावधान अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जावेगी। बीज की अधिक मांग होने पर टीएल (सत्यशरूप) एवं हाइब्रिड बीज के विक्रय की अनुमति सीमित मात्रा में तब दी जा सकती है, जब टीएल एवं हाइब्रिड बीज से संबंधित कृषि विभाग के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान बताया गया कि बीज का वर्ग, बीज का स्त्रोत, बीज की किस्मी, बीज का लॉट नम्बर, बीज के अंकुरण एवं शुद्धता का प्रतिशत तथा विश्लेषण की तारीख, बीज में लगाये जाने वाले लेबल की जानकारी, बीज की अधिसूचना की रिपोर्ट, हाईब्रिड बीज में मेल, फीमेल लाइन की जानकारी, उक्त बीज का प्रदर्शन कहां- कहां किया गया। डाला गया एवं उसकी रिपोर्ट, बीज का उत्पादन, स्वयं के खेतों में या कृषकों के खेतों में लिया गया, उत्पादित मात्रा तथा जिले में विक्रय हेतु कितनी मात्रा में भंडारण किया गया, बीज के किस-किस जिले में कितने कितने नमूने लिये गये, प्रयोगशाला से प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट, मध्यप्रदेश में बीज विक्रय हेतु अनुमति, बीज की नरसिंहपुर कृषि जलवायु क्षेत्र हेतु अनुशंसा (मध्य नर्मदा घाटी) की जानकारी उपलब्ध करायें।

### नियमों का किया जाये पालन

मिलावटी एवं नकली कृषि आदान न बेचे तथा जिस बोरे पर पूरा विवरण न छपा हो उसे न बेचे, यदि प्राधिकार पत्र निरस्त एवं वैध न हो तो व्यापार न करें। प्रत्येक माह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारीध निरीक्षक एवं कृषि कार्यालय को भण्डारण, वितरण का प्रतिवेदन 5 तारीख तक अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करें। निर्देशित किया गया कि उर्वरक बीज कीटनाशक औषधि अधिनियमों का पालन सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में सम्बंधित के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित लायसेंस निलंबन निरस्तीकरण एवं एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही की जावेगी। खरीफ सीजन वर्ष 2024 में धान लगभग 70 हजार हेक्टर में एवं मक्का लगभग 48 हजार हेक्टर में बोई जाना प्रस्तावित है। अतः कृषि विभाग द्वारा बीज विक्रय के लिए लायसेंस इस आशय के साथ जारी किया जाता है कि विक्रेता अपने जिले के कृषकों की मांग अनुसार विषय में वर्णित मानक बीज समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# लूट की सामग्री जब्त, 3 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।

बीते सप्ताह थाना मुंगवांनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरहटा से टोंग घाट मार्ग पर दिनदहाड़े महफूज खान नि लिंगा पिपरिया करेली के साथ तीन अज्ञात आरोपियों द्वारा मारपीट करते हुए मोटरसाइकिल, एंड्राइड मोबाइल कुल कीमती 60000 रुपये एवं जेब मे रखे पर्स जिसमे 700 रुपये और पेनकार्ड व पासपोर्ट फोटो रखे थे लूट लिए। प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट करने पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना मुंगवानी में अपराध क्रमांक 160/2024 धारा 392 भादवि पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया था। सुराग मिलने पर आरोपी आकाश वंशकार निवासी पांजरा, डिपो से लूट का मोबाइल जप्त कर पूछताछ की गयी एवं अन्य साथियों को दबोचा गया जो आरोपी देवेंद्र विश्वकर्मा, डुडवारा के पास से लूटी गई मोटरसाइकिल और दीपेश वंशकार, डुडवारा के पास से प्रार्थी का पर्स बरामद किया गया। आरोपियों से शत प्रतिशत लूटा गया माल बरामद कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पूर्व में भी दे चुके छोटे अपराधों को अंजाम दे चुके है। पूछताछ पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि इस बार तीनों ने मिलकर कुछ बड़ा करने का प्लान बनाया. इसके बाद राह चलते युवक की मोटरसाइकिल देख उसे रोका और उसकी जानकारी लेने के बहाने उसके मोबाइल से किसी को फोन लगाने का कहकर मोबाइल छीनकर मारपीट करते हुए मोटरसाइकिल और पर्स लूट कर मौके से फरार हो गए थे। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी मुंगवानी उनि मुकेश बिसेन, उनि भोजराज वाड़ीवा, सउनि लेखराम धुर्वे, आरक्षक ओमप्रकाश, आरक्षक. सुरेंद्र आरक्षक अंकित, आरक्षक इशन लाल, साइबर सेल आरक्षक धारा सिंह की मुख्य भूमिका रही है।

# एक प्रणाम बदल सकता है कई परिणामः पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

## पांच दिवस श्री हनुमंत कथा सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।

जिले में ऐतिहासिक श्री हनुमंत कथा का पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से पांच दिवसीय आयोजन सम्पन्न हुआ। कथा मे भक्तों की आस्था का सैलाव नजर आया। बूढ़े बच्चे जवान 5 दिन तक भूख प्यास, दिन-रात सोने तथा जागने को भुलाकर महाराज जी की एक झलक पाने के लिए इस कदर आतुर दिखाई दिए मानो साक्षात्कार स्वयं किसी परमेश्वर के दूत से हो रहा हो। महाराज जी के पहुंचने की सूचना मिलते ही जन सैलाब उमड़ पढ़ता था 24 घंटे आस्था के सैलाब में प्रत्येक नागरिक डूबा हुआ था हर संभव प्रयास किए जा रहे थे की महाराज जी की एक झलक देखने मिल जाए जिस प्रकार से आयोजनकर्ता अजय लोधी, सागर लोधी, शरद लोधी तथा पिंकू दुबे के द्वारा इतने भव्य और दिव्य आयोजन की तैयारी की गई, जो संभावना आयोजन के पूर्व जतलाई गई उससे कहीं अधिक जन सैलाब कथा स्थल पर देखने मिला महाराज जी की कथा उनका स्वभाव भक्तों के प्रति अगाध प्रेम के कारण यह जन सैलाब देखने मिला। पांच दिन तक चले इस आयोजन से सम्पूर्ण जिले मे भाव भक्ति का माहौल नजर आया । एक चौपाई पर 5 दिन तक कथा चली चारों युग प्रताप तुम्हारा, है प्रसिद्ध जगत उजियारा। श्री हनुमंत कथा में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज के द्वारा हनुमान जी की भगवान श्री राम के प्रति सेवा भाव निस्वार्थ भक्ति का वर्णन किया गया। सहज सरल हनुमान जी के परम भक्त विश्व विख्यात कथा वाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज के द्वारा कथा के अंतिम दिवस में कथा श्रवण करने पहुंचे सभी भक्तों को सभी सेवादारों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य कर्मी, क्षेत्र वासियों एवं समस्त जिले वासियों के कष्ट निवारण एवं जीवन में सुख शांति की कामना करते हुए सभी को शुभाशीष दिया। जिस प्रकार से जिले वासियों के द्वारा महाराज जी को भाव विभोर करने वाला प्रेम दिया है उसे महाराज जी यादें लेकर बड़े प्रसन्न होकर जिले से बागेश्वर धाम को रवाना हुए। आयोजन मे लाखों लोगों ने नवल गांव पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज की ।

### मंत्री श्री पटैल ने लिया आशीर्वाद

श्री हनुमंत कथा मैं लाखों की संख्या में पूरे देश से भक्त पहुंचे कथा के दूसरे दिन स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कथा का श्रवण किया जिले के सभी नेता धार्मिक गुरु सामाजिक लोगों का लगातार आना जाना रहा कथा की अंतिम दिवस में प्रदेश सरकार में पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल तथा पूर्व विधायक मंत्री जालम सिंह पटेल मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कथा का श्रवण पान किया। जिस प्रकार से ऐतिहासिक कथा का आयोजन हुआ और जो प्रेम स्नेह नरसिंहपुर जिले वासियों के द्वारा पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को दिया। कथा समाप्ति पर विदा लेते हुए महाराज श्री भाव विभोर होकर नगर से रवाना हुए।

# अपनी मांगों को लेकर अतिथि शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

मंगलवार को प्रदेश संगठन के आवाहन पर जिले के अतिथि शिक्षकों द्वारा तहसील स्तर पर ज्ञापन सौंपा वही जिला मुख्यालय मे मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय मे ज्ञापन दिया गया । ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि स्कूल अतिथि शिक्षकों के लिए कोई स्थाई नीति बनाकर अधिकतम कार्य अनुभव कार्य दिवास के आधार पर सरकार भविष्य सुरक्षित करें। उन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा भी दिया है ऐसे में इस शिक्षकीय कार्य के अलावा अन्य कोई काम करने की स्थिति में नहीं है परंतु




स्कूल शिक्षा विभाग आधिकारियों की गलत नीतियों की वजह से चाहे जब अनुभवी अतिथि शिक्षकों को भारी संख्या में बाहर कर दिया जाता है जिसके चलते वे रोजी-रोटी के लिए दर-दर भटकते है। इन सब के चलते विगत 02 से 04 वर्षो में लगभग 200 अतिथि शिक्षकों ने आत्महत्या कर ली है अथवा आकाल मृत्यु को प्राप्त हो गए हैं शेष अधिकांश के जीवन में मानसिक तनाव, क्लेश, अभाव बना हुआ है। संगठन द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है । ज्ञापन मे बताया गया है कि यछि सरकार द्वारा शीघ्र ही निरणय नही लिया गया तो 15 जून के बाद भोपाल में प्रान्त स्तर जन आंदोलन किया चेतावनी दी गई। उक्त मौके पर जिला अध्यक्ष एस के सोनी, बृजेन्द्र नेमा जिला उपाध्यक्ष, सचिन शर्मा ,राजकुमारी मेहरा , मुकेश कहार , अरुण पाठक, अभिषेक कौरव इत्यादि पदाधिकारी व अन्य अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।



# सदियों पुरानी बावड़ी की हुई साफ- सफाई

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन, जलाशयों, कुओं, बावड़ियों की साफ- सफाई व श्रमदान और पौधरोपण जैसे अनेक कार्य जिले में किये जा रहे हैं। जिले में यह अभियान जोर पकड़ा दिखाई दे रहा है। अभियान में जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी, स्वयं सेवक संगठन के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इसी क्रम में अभियान के अंतर्गत जिले की जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत की ग्राम पंचायत भैरोपुर के अंतर्गत आने वाले चैगान किले में राजा- महाराजाओं के समय की सदियों पुरानी बावड़ी की साफ- सफाई की गई। मानव श्रृंखला बनाकर 100 फिट गहराई से मलवे को निकाला गया। इस दौरान एसडीएम कलावती ब्यारे, जनपद सीईओ धनाराम उईके, वन विभाग व प्रशासनिक अमला, पटवारी, आरआई, जनअभियान परिषद, ग्राम पंचायत सरपंच अभिषेक कौरव, जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था और ग्रामवासियों ने सदियों पुरानी बावड़ी की साफ- सफाई में अपना योगदान दिया।



# जनसुनवाई में आये 65 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 11 जून को जिले के विभिन्न स्थानों पहुंचे लोगों ने प्रभारी कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। प्रभारी कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्याएं सुनी, आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 65 आवेदन आये।